# मोहगांव वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम में जल योद्धाओं का सम्मान





**मंडला, देशबन्धु।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना के तहत परियोजना क्रमांक 2 जनपद पंचायत निवास जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कस्टम हायरिंग सेंटर ग्राम मोहगांव में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, जनपद उपाध्यक्ष श्री घनश्याम सूर्यवंशी, जनपद सदस्य श्री क्रांति सिंह मार्को, अंजनी वरकड़े, ग्राम पंचायत सरपंच मोहगांव, हिरनाछापर बम्हनी माल, जवेधा माल, पद्दीकोना माल, मसूर घुघरी एवं समस्त जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। वाटरशेड थीम सांग लॉन्चिंग के लिए श्याम बैरागी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सभी सदस्यों द्वारा पानी रोको अभियान में ग्रामवासियों को जुड़ने का सन्देश दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गए। मंच का संचालन जिला परियोजना अधिकारी उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कर वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# विकसित भारत युवा संसद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में युवाओं ने एक देश-एक चुनाव के पक्ष में रखे विचार




**मंडला, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित 2047 के विकसित भारत विजन में युवा वर्ग की सहभागिता के दृष्टिगत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में 22 एवं 23 मार्च 2025 को विकसित भारत युवा संसद जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, विषय था एक देश-एक चुनाव।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ.संजय कुषराम जिला पंचायत अध्यक्ष मण्डला ने कहा कि हमारा देष विष्व में सबसे बड़ा लोकतांत्र वाला विकासशील देश है इसे विकसित देष बनाने के लिये एक देष एक चुनाव आवश्यक है। इससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। बार-बार चुनाव में होने वाले खर्च में कमी होगी।

मुख्य अतिथि रजत सकलेचा पुलिस अधीक्षक मण्डला ने युवाओं को प्रतियागिता के माध्यम से संसद तक पहुँच कर विचार रखने और नोडल मण्डला का नाम रोषन करने के लिये प्रेरित किया। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये युवाओं को पंजीयन के उपरांत विकसित भारत विषय पर वीडियो को अपलोड करना था। जिसके तहत भारत के पूरे जिले से मण्डला का तृतीय स्थान रहा तथा मध्यप्रदेश में हुए कुल पंजीयन एवं वीडियो अपलोडिंग में से मण्डला जिला ने 1403 की संख्या में वीडियो अपलोड कर प्रथम स्थान का गौरव हासिल किया। स्क्रीनिंग के पश्चात 150 प्रतिभागियों का चयन किया गया।

प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डिण्डौरी, बालाघाट एवं नोडल मण्डला इन तीन जिलों के युवा शामिल होकर विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। जूरी मेमबर के रूप में उपस्थित डॉ.संजय कुशराम, डॉ.संजय तिवारी, डॉ.टीपी मिश्रा और आषुतोष महादेव ठाकुर द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्षन करने वाले 10 युवाओं का चयन किया गया जिन्हें राज्यस्तर की प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चंद्रषेखर निखारे अध्यक्ष जनभागीदारी, अमन अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि एवं जयदत्त झा जनप्रतिनिधि ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने मण्डला की गौरवगाथा के अनुरूप राष्ट्रीय क्षितिज पर जिले का नाम रोषन करने के लिये चयनित युवाओं को प्रेरित किया। स्वागत भाषण डॉ.टीपी मिश्रा एवं प्रतिवेदन का वाचन डॉ.पी.एल.झारिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.सियाशरण ज्योतिषी, डॉ.सीमा धुर्वे, डॉ.संतोष गुजरे एवं डॉ.एस.के.श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सार-समाचार

### खुलेआम बिक रही अवैध शराब

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में कई तरह के अवैध कार्य किया जा रहे हैं जिन्हें रोकने के लिए शासन प्रशासन द्वारा कोई सही कार्रवाई नहीं की जा रही है जुआ सट्टा शराब का अवैध कारोबार चरम सीमा पर पहुंच गया है इस समय शराब का कारोबार तो जमकर चल रहा है पवित्र नगरी मंडला में शराब का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है इसके बावजूद भी नगर में शराब जहां देखो वहां बिक रही है।

इसी तरह मंडला जिले के सभी ग्रामों व नगरों में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र में शराब अवैध तरीके से बेची जा रही है ठेकेदार भारी मात्रा में शराब की सप्लाई कर रहे हैं इन्हें कोई नहीं रोक रहा है जानकारी मिली है कि मंडला जिले में हर गांव व नगर में शराब बिक रही है शराब का अवैध विक्रय किया जा रहा है शराब से घर परिवार बर्बाद हो रहे हैं इसके बावजूद शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है शराब का अवैध कारोबार किसके संरक्षण में किया जा रहा है यह जांच का विषय हो जाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है आबकारी विभाग पुलिस विभाग व शासन प्रशासन द्वारा शराब का अवैध कारोबार क्यों नहीं रोका जा रहा है लोग चर्चा कर रहे हैं नागरिकों की मांग है कि तत्काल शराब का अवैध कारोबार बंद कराया जाए।

### भांग दुकान टेंडर प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च

**मंडला, देशबन्धु।** वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) की अवधि के लिए नवीनीकरण से शेष एवं प्रथम चरण में निष्पादन से शेष भांग दुकान मण्डला का टेण्डर द्वारा दिनांक 27 मार्च 2025 दिन गुरूवार को कलेक्टर मण्डला की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट (जिला योजना सभागार) मण्डला में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निष्पादन किया जायेगा। जिला कार्यालय मंडला में टेण्डर प्रपत्र 27 मार्च 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक जमा कर सकते हैं, टेण्डर प्रपत्र खोलने की कार्यवाही 27 मार्च को 3:30 बजे से की जाएगी। टेण्डर के माध्यम से निष्पादन की कार्यवाही निर्धारित दिनांक को संपन्न न होने की स्थिति में कलेक्टर जिला मण्डला द्वारा अन्य घोषित किसी भी दिन व समय पर टेण्डर की कार्यवाही की जा सकेगी। इच्छुक टेण्डरदाता, टेण्डर प्रक्रिया से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियां साथ ही टेण्डर प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विवरण आदि की जानकारी जिला आबकारी कार्यालय जिला-मण्डला के कार्यालय से किसी भी दिवस (अवकाश के दिनों सहित) कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं।

### शिक्षा सत्र की तैयारी शून्य, अप्रैल से फिर शुरू होंगे स्कूल

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह खराब हो गई है खासकर सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था खराब हो चुकी है पढ़ाई के नाम पर सिर्फऔपचारिकता पूरी की जा रही है शिक्षक मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं लगातार अप डाउन कर रहे हैं शिक्षक भी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं यही वजह है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था संतोषजनक नहीं है प्राइवेट स्कूलों की जांच नहीं की जा रही है सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता नहीं जांच की जा रही है इस समय चर्चा चल रही है कि 1 अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा जो 30 अप्रैल तक चलेगा नई शिक्षा सत्र की तैयारी नहीं की जा रही है स्कूल भवनों की हालत खराब है मरम्मत व रंग रोगन का काम सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है।

साफ- सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है स्कूल परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है शिक्षकों को मुख्यालय में रहने के लिए सख्त निर्देश जारी नहीं किया जा रहे हैं सरकारी स्कूलों में पढ़ाई सही तरीके से हो इस बात का ध्यान बिल्कुल नहीं रखा जा रहा है शिक्षा सत्र समाप्ति पर ड्रेस इत्यादि का वितरण किया जा रहा है नई शिक्षा सत्र में 1 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक ड्रेस वितरण किताब वितरण सहित सभी तरह की योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जाए ताकि जुलाई में जब स्कूल शुरू हो तो उस समय सिर्फ पढ़ाई कराई जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

# जिला सहकारी बैंक की प्रशासन एवं ऋण समिति की बैठक आयोजित




**मंडला, देशबन्धु।** जिला कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला सहकारी बैंक की प्रशासक समिति एवं ऋण समिति की बैठक कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रशासक समिति के वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अल्पकालिक कृषि ऋण, अपेक्स बैंक के खाते, उर्वरक क्रय, टैक्स ऑडिट, इनकम टैक्स, जीएसटी, शाखाओं की कैशलिमिट निर्धारण, सीआरआर- एसएल आर संधारण, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स का छ:माही अनुबंध नवीनीकरण, साईबर सिक्योरिटी आदि विषयों पर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसी प्रकार लोन कमेटी के अल्पकालीन कृषि ऋण हेतु शाखाओं की साख सीमा निर्धारण, पशुपालकों के ऋ ण प्रकरण, व्यक्तिगत ऋण प्रकरण, आदिम जाति सेवा समितियों की खाद-बीज के लिमिट निर्धारण, माईक्रो एटीएम के माध्यम से कृषकों को आहरण की सुविधा जैसे विषयों की समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समितियों के ऑडिट के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमानुसार सभी साख समितियों के अंकेक्षण कराएं।

### अधूरे काम को पंचायत के नाम मढ़ने की आशंका

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में जल जीवन मिशन लापरवाही और मनमानी की भेंट चढ़ गया है इस योजना के अंतर्गत सरेआम लापरवाही की जा रही है और शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस संबंध में काम सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है और अधूरे काम को पंचायत से मिली भगत करके पंचायत को हैंडोवर किया जा रहा है ग्राम पंचायत भी अधूरे काम को हैंड ओवर ले रहे हैं यह जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि ग्राम परसवाड़ा तहसील नैनपुर जिला मंडला मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन का काम सही तरीके से नहीं कराया गया है पाइपलाइन सही तरीके से नहीं बिछाई गई है सभी घरों में नल कनेक्शन नहीं किया गया है कई घर कनेक्शन करने से छूट गए हैं।

# जनसुनवाई में आए 108 आवेदन



**मंडला, देशबन्धु।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने आवेदकों की समस्या सुनते हुए समुचित निराकरण की पहल की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। साथ ही पिछली जनसुनवाई के आवेदनों की समीक्षा करते हुए समुचित निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में पारिवारिक सहायता राशि, सर्पदंश से आकस्मिक मृत्य पर आर्थिक सहायता, किसान क्रेडिट कार्ड, आवास योजना, मनरेगा जॉबकार्ड, ऑनलाईन नामांतरण, ट्रांसफार्म, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# खनिज माफिया बे-लगाम

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में खनिज संपदा सुरक्षित नहीं है यहां पर खनिज संपदा की लूट कई वर्षों से की जा रही है जिसे बंद करने के लिए शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है देखा यह जा रहा है कि मंडला जिले में खनिज माफिया सक्रिय हैं और उनके जेब में नियम कानून कैद हो गए हैं।

नियम कानून को ताक में रखकर इनके द्वारा खनिज संपदा लूटी जा रही है मध्य प्रदेश के मंडला जिले में जहां देखो वहां स्टोन क्रेशर संचालित हो रहे हैं। स्टोन क्रेशर स्थल में नियम कानून का पालन नहीं हो रहा है।

नियम कानून को किनारे रखकर स्टोन क्रशरों का संचालन किया जा रहा है स्टोन क्रेशर स्थल में डस्ट अरेस्टर नहीं लगाया गया है वृक्षारोपण पर्याप्त मात्रा में नहीं किया गया है। पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है स्टोन क्रेशर स्थल में काम करने वाल मजदूरों का विधिवत पंजीयन नहीं है इनका बीमा भी कराया गया है या नहीं, यह जांच का विषय हो गया है।

स्टोन क्रेशर के आसपास की भूमि बंजर हो रही है पर्यावरण लगातार प्रदूषित होते जा रहा है पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रमाण पत्र भी इनके पास है या नहीं इस विषय की कोई जांच पड़ताल नहीं की जा रही है कितनी रॉयल्टी उनके द्वारा जमा की जा रही है या नहीं की जा रही है इस विषय पर भी कोई जांच नहीं की जा रही है जहां देखो वहां अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

स्टोन क्रेशर संचालित किया जा रहा है रात में भी स्टोन क्रेशर संचालित किए जाने की खबर मिल रही है जिसकी वजह से लोगों की नींद हराम हो रही है कुल मिलाकर मध्य प्रदेश के मंडला जिले में खनिज संपदा लूटी जा रही है और शासन प्रशासन द्वारा रोक लगाने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है रेत का भी अवैध कारोबार इस जिले में किए जाने की चर्चा चल रही है।

नागरिकों की मांग है कि तत्काल जांच की जाए सभी स्टोन क्रेशर की जांच की जाए और अवैध पाए जाने पर स्टोन प्रेशर बंद कराया जाए।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 148वीं वाहिनी ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय समुदाय के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को पौधे भेंट कर की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें कविताएं, लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और सीआरपीएफ के शौर्य कथाएँ शामिल रही।

सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय कलाकारों ने मिलकर इन प्रस्तुतियों को जीवंत बनाया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीआरपीएफ के जवानों को उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उनकी उपस्थिति से क्षेत्र में शांति है।

# एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है मध्यप्रदेश में : सुधीर

## अनूपपुर में दो दिवसीय वैश्य महासम्मेलन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मां रेवा नगरी अनूपपुर के होटल कान्हा इंटरनेशनल में संपन्न हुई। मध्यप्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी की उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता को शिरोमणि संरक्षक की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश शासन में उमाशंकर गुप्ता पूर्व गृह मंत्री रहे।

कार्यसमिति की बैठक 22 एवं 23 मार्च को हुई। जिसमें प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में सभी पदाधिकारी का पंजीयन कर राजस्थानी पगड़ी, तिलक वंदन, माल्यार्पण, गिफ्ट, आई डी कार्ड, कलम के नोट पैड देकर आत्मीय स्वागत किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन और उसके बाद बैठक सत्र में वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के सदस्यों के साथ स्थानीय गतिविधियों और हर जिले में होने वाले आगामी आयोजन उनके प्रभारी पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने सबसे स्पष्ट कहा मध्य प्रदेश में दो बड़ी राजनैतिक पार्टी के बाद सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है जो पिछले 20 वर्षों से पूरे प्रदेश में ढेर सारे सामाजिक आयोजन कर समाजसेवा का कार्य कर रहा है । जिसमें आज पचास हजार से ज्यादा पंजीकृत आजीवन सदस्य हैं और अब हमारा लक्ष्य एक लाख आजीवन सदस्यों का पंजीयन करवाना है। इसके लिए हमें मिलजुलकर कार्ययोजना तैयार कर मासिक लक्ष्य बनाकर नियमित कार्य करना होगा । अब मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से सदस्यता, आजीवन सदस्यता कार्ड, शादी विवाह, रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य और विभिन्न सामाजिक आयोजन, शासन की योजनाओं आदि की जानकारी सहज सुलभ उपलब्ध होगी।

अध्यक्ष ने बताया मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा 3100 से ज्यादा आजीवन सदस्य हैं और उन्होंने आपसी आर्थिक सहयोग से वैश्य भवन निर्माण के लिए दस हजार वर्ग क्षेत्रफल की जमीन खरीदने की योजना और व्यवस्था बन चुकी है जो आगामी दो तीन माह के अंदर रजिस्ट्री भी होना संभावित है। अस्सी लाख की राशि एकत्रित कर वैश्य भवन के लिए जमीन खरीदने और भवन निर्माण की योजना बाकी अन्य जिलों के लिए प्रेरक पहल साबित हो रही है।

आगामी समय में प्रदेश के वैश्य समाज से जुड़े घटक के प्रदेश अध्यक्ष के साथ एक बैठक आयोजित किए जाने पर बात हुई जिससे एकजुट होकर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, उनकी सुरक्षा और उनके हित के लिए हमेशा एक दूजे के साथ हर पल बड़ी मजबूती के साथ खड़े रहें। नए रोजगार प्रदान किए।